आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 27.12.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा –अरावली पर्वत माला प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर –राज्य सरकार इसके संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्धं

- प्रदेश में आगामी पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनावों के लेकर तैयारियां तेज–राज्य निर्वाचन आयोग ने दिशा–निर्देश जारी कियें

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेगें

- खालसा पंथ के संथापक गुरू गोबिंद सिंह जी की 359वीं जयंती पर आज उन्हें श्रद्धाभाव से याद किया जा रहा हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि अरावली पर्वत माला प्रदेश की अमूल्य प्राकृतिक धरोहर है और राज्य सरकार इसके संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं उन्होंने आज मुख्यमंत्री निवास पर वन और खनन विभाग की समीक्षा बैठक में यह बात कहीं इस बैठक में विभाग के उच्च अधिकारियों ने भाग लियां अरावली में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद प्रदेश में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच ये महत्वपूर्ण बैठक हुई हैं इस मौके पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को अरावली क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण के निर्देश दिएं इस बीच प्रदेश में अरावली पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय को लेकर आज भी विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शन हुएं दौसा में अरावली बचाओ विरोध प्रदर्शन के दौरान विवाद हो गयां अलवर में इस मामले को लेकर रैलियां निकाली गईं सीकर, धौलपुर, अजमेर, झुन्झुनू और नागौर में भी इस मुददे को लेकर विरोध प्रदर्शन के समाचार हैं

000

प्रदेश में आगामी पंचायती राज और शहरी निकाय चुनावों को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं राज्य निर्वाचन आयोग ने पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव के लिए विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये हैं आयोग ने सभी जिला कलेक्टरों को मतदान दलों के गठन के निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि मतदान ड्यूटी में महिलाओं, दिव्यांगजनों और केंद्रीय कार्मिकों को शामिल नहीं किया जाएं साथ ही अत्यावश्यक सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों को भी चुनाव ड्यूटी से अलग रखने के निर्देश दिए गए हैं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन में मतदान प्रक्रिया से जुड़े सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं का भी ध्यान रखा गया हैं आयोग ने कहा है कियदि मतदान केंद्र पर बुर्का या घूंघट में महिला मतदाता आती है, तो उसकी पहचान के लिए स्थानीय महिला कार्मिक की सहायता ली जाएं आयोग के अनुसार, प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी और चार सहायक मतदानकर्मी होंगें

000

रेल्वे रेल यात्रियों की संख्या में लगातार हो रही तेज़ बढोतरी को देखते वर्ष 2030 तक देश के 48 प्रमुख शहरों के स्टेशनों के लिए एक व्यापक योजना तैयार कर रहा हैं इन स्टेशनों की संचालन क्षमता दोगुनी की जायेगीं रेलवे की इस योजना में प्रदेश के जयपुर और जोधपुर स्टेशन भी शामिल हैं उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशिकिरन ने बताया कि योजना में जयपुर के खातीपुरा स्टेशन को र्मिनल स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा हैं

..................

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि रामगढ़ और मुकुन्दरा टाईगर रिजर्व में जल्दी ही और बाघ लाये जायेंगें श्री बिरला आज अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे पर आज कोटा पहुंचें अपने एक सप्ताह के दौरे के पहले दिन श्री बिरला ने जनसुनवाई कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दियें उन्होंने अधिकारियों को भविष्य में आधारभूत ढांचे को और मज़बूत बनाने और आवागमन की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहां

इस दौरान मीडिया से बातचीत में श्री बिरला ने कहा कि रामगढ और मुकुन्दरा टाइगर रिजर्व के विकास से क्षेत्र में पर्यटन को बढावा मिलेगां

....................

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की 129वीं कड़ी में अपने विचार साझा करेंगें कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑन ए.आई.आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगां इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगां आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में मुख्य सचिवों के पांचवें राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कीं वे कल भी सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगें शुक्रवार से आरंभ तीन दिन के इस सम्मेलन का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं पर सतत बातचीत के माध्यम से केंद्र और राज्यों के बीच साझेदारी को बढ़ावा देना हैं

.........................

000

जयपुर के पास झपोक में आज पांच दिवसीय सांभर महोत्सव की शुरुआत हुई उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने महोत्सव का उद्घाटन कियां यह महोत्सव राजस्थान पर्यटन विभाग ओर जयपुर जिला प्रशासन तथा सांभर नगर पालिका के सयुंक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है, जो 31 दिसम्बर तक चलेगां दिया कुमारी ने इस अवसर पर डाक कार्ड का विमोचन भी किया उन्होंने पतंग प्रदर्शनी और फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन कियां इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा

कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष फेस्टिवल का आयोजन और भी बड़े स्तर पर किया जा रहा है तथा अगले वर्ष यह और भव्य रूप से आयोजित किया जाएगां उन्होंने कहा कि सांभर अब ग्लोबल टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनता जा रहा हैं

..................

दिया कुमारी ने कहा कि सरकार पर्यटकों की सुविधाओं के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं

000

खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी की 359वीं जयंती आज विभिन्न आयोजनों के साथ मनाई जा रही हैं इस अवसर पर गुरु गोबिंद सिंह की माताजी और उनके साहिबजादों की शहादत को भी याद किया जा रहा हैं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरू गोबिंद सिंह जी के प्रकाश उत्सव पर शुभकामनाएं दी हैं सोशल मीडिया पोस्ट में राष्ट्रपति ने कहा कि श्री गुरु गोबिंद सिंह जी ने अदम्य साहस और असाधारण बुद्धिमत्ता से लोगों को धार्मिक जीवन जीने के लिए प्रेरित कियां प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री गोबिंद सिंह साहस, करूणा और त्याग के प्रतीक हैं प्रदेश में भी गुरु गोविन्द सिंह जी का 359 वां प्रकाश पर्व हर्षोउल्लास के साथ मनाया जा रहा हैं

पाली के सूरजपोल स्थित गुरुद्वारे को आकर्षक लाइटो से सजाया गया है और अखंड शबद कीर्तन का आयोजन किया जा रहा हैं राज्य के कई अन्य गुरूद्वारों में भी शबद कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गयां

000

क्रिसमस और नववर्ष के जश्न तथा छुट्टियों का आनंद लेने के लिए राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर के पर्यटक स्थलों पर बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं शीतकालीन अवकाश के चलते देश–विदेश से बड़ी संख्या में सैलानी राजस्थान की प्रमुख पर्यटन नगरीयों का रुख कर रहे हैं जयपुर, जैसलमेर, जोधपुर, उदयपुर, चित्तौड़गढ़ और रणथंभौर में पर्यटकों की भारी आवक से ज्यादातर होटले फुल हैं प्रदेश के अधिकांश सितारा और बजट होटलों में शत–प्रतिशत बुकिंग की स्थिति बनी हुई हैं उधर, रणथंभौर ओर सरिस्का में भी बड़ी सफारी के लिए भारी संख्या मे सैलानी पहुंचे हैं पर्यटकों की जोरदार आवक से जयपुर के परकोटे क्षेत्र में भीषण जाम की स्थिति बनी हुई हैं प्रशासन के अनुसार आज राजधानी में एक लाख से अधिक पर्यटकों के पहुंचने की संभावना हैं ट्रैफिक पुलिस, पर्यटक सहायता बल और होमगाड्र्स के जवान यातायात को सुचारु रखने में लगातार मशक्कत कर रहे हैं

000

बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में 30 दिसंबर से 3 जनवरी तक अमृता हाट बाज़ार का आयोजन किया जाएगां अमृता हाट मेले में विभिन्न ज़िलों के 100 से ज़्यादा महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से

50 से ज़्यादा स्टॉल्स लगाई जाएंगीं अमृता हाट बाज़ार में राज्य के विभिन्न ज़िलों के प्रसिद्ध हस्तनिर्मित उत्पादों जैसे मिट्टी के बर्तन, ऊनी पट्टू, टेरीकोटा, मीनाकारी, कशीदाकारी का सामान और केर, सांगरी, कुमठिया जैसी खाने–पीने की शुद्घ एवं गुणवत्ता वाली वस्तुओं का प्रदर्शन किया जाएगा द्य इससे महिला स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों के विपणन को बढ़ावा मिलेगां

000